**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 57 /03/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)2023/08-परीक्षा/2022**

लखनऊः दिनांक- 13 जुलाई, 2023

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-08-परीक्षा/2022, सम्मिलित कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2021)/08 के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक (उत्तर प्रदेश चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अधीनस्थ कार्यालय लिपिक संवर्ग) के कुल रिक्त 1148 पदों तथा उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक के कुल रिक्त 114 पदों अर्थात दोनों विभागों हेतु कनिष्ठ सहायक के कुल रिक्त 1262 पदों पर चयन के लिये भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसमें ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 14.12.2022 थी।

सूच्य है कि उक्त विज्ञापन के प्रस्तर-10 में वर्णित परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम को संशोधित करते हुए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संशोधित परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम पर अनुमोदन प्रदान किया गया है, जिसके सम्बंध में आयोग की संलग्न आवश्यक सूचना संख्या-305/04/25/चार/आयोग/2021, दिनांक 05.06.2023 आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की गयी थी। तदनुसार ही चयन सम्बन्धी अग्रेतर कार्यवाही की जाएगी।

प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत कुल रिक्त 1262 पदों पर चयन के लिये प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2021 के स्कोर में वास्तविक (Absolute) स्कोर अथवा नार्मलाइज्ड (Normalised) स्कोर में शून्य या उससे कम/ नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट न करते हुये, प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2021 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर कनिष्ठ सहायक के विज्ञापित कुल 1262 पदों के सापेक्ष श्रेणीवार 15 गुना (समान कटऑफ अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुये) के अनुसार 41037 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं कटऑफ अंक को मा0 आयोग के निर्णय दिनांक 13.07.2023 द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु अनुमोदित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों की सूची में सम्मिलित, जांच के अधीन (Under Investigation-UI) एवं औपबंधिक श्रेणियों के अभ्यर्थी जाँच की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने के दृष्टिगत उक्त मुख्य परीक्षा में औपबन्धिक रूप से सम्मिलित होंगे।

तदनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन से सम्बन्धित समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का परिणाम आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in के Homepage पर उपलब्ध लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

सूच्य है कि मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये समस्त अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अनिवार्य रूप से अपनी श्रेणी यथा अनारक्षित व अन्य पिछड़ा वर्ग 200 रू० तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति 80 रू० के अनुसार ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा। दिव्यांग अभ्यर्थियों द्वारा कोई शुल्क देय नहीं होगा।

मुख्य परीक्षा हेतु शुल्क जमा करने के लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध Applicant Segment के अंतर्गत Main Examination Fee Deposition विकल्प पर जाकर अपना Registration Number, D.O.B, Gender, Domicile व Category अंकित कर Click Here to Proceed बटन पर क्लिक करेंगे, तदनुक्रम में अभ्यर्थी Application Fee Payment Module में वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए मुख्य परीक्षा हेतु शुल्क जमा कर सकते हैं।

प्रश्नगत विज्ञापन से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-08-परीक्षा/2022 के अंतर्गत मुख्य परीक्षा हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का परिणाम तथा गोपन अनुभाग के पत्र संख्या-1122/गोपन/01/04/2023, दिनांक 13-07-2023 द्वारा संसूचित उक्त चयन परिणाम से संबन्धित कट ऑफअं क (01 पृष्ठ) यथावत आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गयी है।

**महत्वपूर्ण नोट- शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी लिखित परीक्षा हेतु अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेगा। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की सूचना अभ्यर्थियों को पृथक से वेबसाइट के माध्यम से यथासमय दी जाएगी।**

**संलग्नक- यथोपरि।**

13/01/2024

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।

**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,लखनऊ।**

संख्याः– 1122 / गोपन / 01 / 04 / 2023
लखनऊः दिनांक 13 जुलाई, 2023

आयोग के विज्ञापन संख्या–08–परीक्षा / 2022, सम्मिलित कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा–(प्रा0अ0प0–2021) / 08 के अंतर्गत विज्ञापित कुल 1262 पदों पर चयन हेतु प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)–2021 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा के लिये अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का कट ऑफ अंकः–

<u>लम्बवत आरक्षण</u>

| क्रम सं० | श्रेणी | कटऑफ अंक (PET–2021 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर) |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 71.87 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 69.06 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 54.53 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 71.87 |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (EWS) | 71.87 |

<u>क्षैतिज आरक्षण</u>

| क्रम सं० | श्रेणी / उपश्रेणी | | | कटऑफ अंक (PET–2021 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित | | | 59.92 |
| 2 | सैन्य वियोजित /भूतपूर्व सैनिक | | | 36.70 |
| 3 | उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु | | | वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं। |
| 4 | महिला | | | वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं। |
| 5 | दिव्यांगजन | (क) दृष्टिहीनता एवं कम दृष्टिहीनता | (LV) | 51.01 |
| | | (ख) बधिर और श्रवण शक्ति में ह्रास | (HH) | 07.32 |
| | | (ग) प्रमस्तिष्कीय अंगघात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण सहित चलन क्रिया सम्बन्धी निःशक्तताः | (CP/AAV/DW/LC/OL/OA) | 11.59 |
| | | (घ) स्वपरायणता, बौद्धिक निःशक्तताः, विशिष्ट अधिगम निःशक्तता और मानसिक अस्वस्थताः | – | – |
| | | (ङ) खण्ड (क) से (घ) के अधीन आने वाले व्यक्तियों में से बहु निःशक्तताः, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक निःशक्तताः के लिए अभिज्ञानित पदों में बधिर–अंधता सम्मिलित है । | – | – |

13/07/2023

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।

**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ।**
**संख्या-305/04/25/चार/आयोग/2021**
**लखनऊ दिनांक- 05 जून, 2023**

**आवश्यक सूचना**

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या- 08-परीक्षा/2022, सम्मिलित कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा-(प्रा0अ0प0-2021)/08 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक के कुल 1262 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से दिनांकः 21-11-2022 से 14-12-2022 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। विज्ञापन के प्रस्तर-10 में परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम का उल्लेख किया गया था।

उक्त विज्ञापन के सापेक्ष आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन के प्रस्तर-10 में वर्णित परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम को संशोधित करते हुए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निम्नलिखित परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम पर अनुमोदन प्रदान किया गया है-

**कनिष्ठ सहायक/कनिष्ठ लिपिक के रिक्त पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा की संशोधित परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम**

लिखित परीक्षा एक पाली की होगी, जिनमें प्रश्नों की कुल संख्या 100 तथा समयावधि दो घण्टा होगी। परीक्षा के प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। लिखित परीक्षा हेतु ऋणात्मक अंक (निगेटिव मार्किंग) दिए जायेंगे, जो प्रत्येक गलत उत्तर पर उस प्रश्न के पूर्णांक का ¼ अर्थात 25 प्रतिशत अंक होंगे।

**परीक्षा योजना**

परीक्षा के विषय, प्रश्नों की संख्या, निर्धारित कुल अंक और दिया गया समय नीचे दिये गये विवरण के अनुसार होगा-

| क्रमांक | विषय | प्रश्नों की संख्या | निर्धारित कुल अंक | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| भाग-1 | हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता | 30 | 30 | 120 मिनट (दो घण्टा) की अवधि का संयुक्त प्रश्न पत्र |
| भाग-2 | सामान्य बुद्धि परीक्षण | 15 | 15 | |
| भाग-3 | सामान्य जानकारी | 20 | 20 | |
| भाग-4 | कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणाओं एवं इस क्षेत्र में समसामयिक प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार का ज्ञान | 15 | 15 | |
| भाग-5 | उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित सामान्य जानकारी | 20 | 20 | |
| | योग | 100 | 100 | |

**नोट-** उपर्युक्त परीक्षा हेतु निगेटिव मार्किंग (ऋणात्मक अंक) दिये जाने का प्राविधान है, जो सही प्रश्न के अंक का 25 प्रतिशत अर्थात ¼ होगी।

**पाठ्यक्रम**

**भाग-1 हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता**

उम्मीदवारों से हिन्दी भाषा का ज्ञान तथा उनके समझ एवं लेखन की योग्यता के परीक्षण हेतु प्रश्न पूछे जायेंगे। (यह प्रश्न पत्र माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 के इण्टरमीडिएट परीक्षा के स्तर का होगा)

**भाग-2 सामान्य बुद्धि परीक्षण**

इस परीक्षण का उद्देश्य किसी नई परिस्थिति के समझने उसके विभिन्न तत्वों का विश्लेषण तथा पहचान करने तथा तर्क करने की योग्यता को मापना है। इस परीक्षण में ऐसे प्रश्न होंगे जो अनुदेशों को समझने, संबंधों, समानताओं तथा संगतताओं का पता लगाने, निष्कर्ष निकालने और इसी प्रकार की बौद्धिक क्रियाओं पर आधारित होंगे।

**भाग-3 सामान्य जानकारी**

प्रश्न पत्र का यह भाग उम्मीदवारों की चारों ओर के वातावरण के बारे में उसकी सामान्य जानकारी तथा समाज में उसके इस्तेमाल के बारे में उसकी योग्यता के आंकने के लिए है। इस परीक्षण में ऐसे प्रश्न भी रखे जायेंगे जिनसे ऐसी समसामयिक घटनाओं तथा प्रतिदिन दृष्टिगोचर होने तथा अनुभव में आने वाले तथ्यों जिनमें ऐतिहासिक एवं भौगोलिक तथ्य भी सम्मिलित हो सकते हैं। (विशेष कर भारत से संबंधित) एवं उनके वैज्ञानिक पहलुओं का ज्ञान आंका जा सके, जिसकी किसी भी शिक्षित व्यक्ति से आशा की जा सकती है।

**भाग-4 कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणाओं एवं इस क्षेत्र में समसामयिक प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार का ज्ञान**

प्रश्न पत्र के इस भाग में उम्मीदवारों से कम्प्यूटर एवं सूचना तकनीकी का परिचय, हार्डवेयर, साफ्टवेयर, ऑपरेटिंग सिस्टम, स्प्रेडशीट, ई-मेल, सोशल नेटवर्किंग, ई-गवर्नेंस की जानकारी, डिजिटल वित्तीय उपकरण और अनुप्रयोग, इण्टरनेट एवं वर्ल्ड वाइड वेब (WWW) का परिचय, भविष्य के कौशल और साइबर सुरक्षा का अवलोकन, वर्ड प्रोसेसिंग के तत्व तथा कम्प्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में होने वाले तकनीकी विकास एवं नवाचार (आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स, बिग डेटा प्रोसेसिंग, डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग, इण्टरनेट ऑफ थिंग्स) पर आधारित एवं इस क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे।

**भाग-5 उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित सामान्य जानकारी**

प्रश्न पत्र के इस भाग में उम्मीदवारों से उत्तर प्रदेश का विशिष्ट ज्ञान- इतिहास, संस्कृति, कला, वास्तुकला, त्योहार, लोक नृत्य, साहित्य, क्षेत्रीय भाषायें, विरासत, सामाजिक रीति रिवाज और पर्यटन, भौगोलिक परिदृश्य एवं पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधन, जलवायु, मिट्टी, वन, वन्यजीव, खान और खनिज, उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था, कृषि, उद्योग, व्यवसाय और रोजगार, राजव्यवस्था एवं प्रशासन तथा समसामयिक घटनाओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश राज्य की उपलब्धियों पर आधारित प्रश्न पूछे जायेंगे।

उक्त परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम विज्ञापन संख्या- 08-परीक्षा/2022, सम्मिलित कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा-(प्रा0अ0प0-2021)/08 के अंतर्गत विज्ञापित कनिष्ठ सहायक/कनिष्ठ लिपिक के पदों पर चयन हेतु प्रभावी होगा। अतः उक्त विज्ञापन के प्रस्तर-10 को उपर्युक्तानुसार संशोधित समझा जाये।

05.06.2023

(विधान जायसवाल)

परीक्षा नियंत्रक।